फिल्म इमरजेंसी का गीत सिंहासन खाली करो रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री-फिल्मकार कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का गीत 'सिंहासन खाली करो' रिलीज हो गया है.

कंगना रनौत की आगामी राजनीतिक ड्रामा इमरजेंसी का पहला गीत सिंहासन खाली करो रिलीज हो गया है. मूल रूप से महान कवि रामधारी सिंह दिनकर द्वारा लिखे गए प्रतिष्ठित गान सिंहासन खाली करो की जनता आती है को पुनर्जीवित करते हुए, यह शक्तिशाली ट्रैक भारत के सबसे काले राजनीतिक समय की गूंज है.

कंगना रनौत ने कहा, 1970 के दशक में भारत के लोगों ने एकजुट होकर सिंहासन खाली करो के नारे के रूप में अपनी आवाज़ पाई, जो श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री पद के अत्याचार को चुनौती देता था. ये रामधारी सिंह दिनकर के शब्द थे, जिन्हें विद्रोह के कवि के रूप में जाना जाता है और ये जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति के आह्वान बन गए. इस स्पष्ट आह्वान ने सत्ता की नींव हिला दी.

फिल्मसिटी पहुंचकर भावुक हुईं प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा फिल्मसिटी पहुंचकर भावुक हो गयी. प्रियंका इन दिनों हॉलीवुड फिल्मों में नजर आ रही हैं. वह जल्द फिल्म द ब्लफ में नजर आएंगी जिसकी शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है. प्रियंका चोपड़ा इस समय मुंबई में हैं. वह अपने छोटे भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत आई हुई हैं.

प्रियंका चोपड़ा फिल्मसिटी पहुंचकर भावुक हो गयी,जिसकी एक झलक उन्होंने फैंस के साथ भी साझा की है.प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह फिल्मसिटी के अंदर जाती नजर आ रही हैं.

इतिहास बनाएगी 'अद्भुत'

शैतान, स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हालिया हॉरर-सुपर नेचरल फिल्मों की अपार - बॉक्स ऑफिस सफलता के बाद, सोनी मैक्स अपने आगामी सुपर नेचरल थ्रिलर, 'अद्भुत' के साथ एक नया इतिहास रचने जा रहा है. यह एक डायरेक्ट-टू-टीवी रिलीज़ है, जो बॉलीवुड में एक नए युग की शुरुआत करेगी. 'अद्भुत' का निर्देशन साबिर खान द्वारा किया गया है, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी, डायना पेंटी, श्रेया धनवंतरी और रोहन मेहरा जैसे नामचीन कलाकार अभिनय कर रहे हैं. रोमांचक अनुभव प्रदान करने के वादे के साथ, 'अद्भुत' देशभर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी.

यह टेलीविज़न के लिए एक नया दौर है. अब बड़ी फ़िल्मों की रिलीज़ के लिए इसे एक प्रमुख मंच के रूप में देखा जा रहा है. साबिर खान, डायरेक्टर, अद्भुत, ने कहा, भारत में टेलीविज़न, लंबे समय से एक सशक्त माध्यम रहा है, जिससे हर दिन लाखों घर जुड़ते हैं. 'अद्भुत' के साथ, हम टेलीविज़न पर सिर्फ एक फिल्म ही रिलीज़ नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम एक साथ, एक ही समय पर करोड़ों घरों में अपनी पहुँच भी स्थापित कर रहे हैं. इस नए कदम के रूप में हम एक नया इतिहास रच रहे हैं, जो बताता है कि दर्शक हमारे लिए हमेशा ही पहले स्थान पर हैं. फिल्म में मुख्य किरदार निभा रहे अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, 'अद्भुत' एक ऐसी फिल्म है, जो अपनी कहानी और इसे साझा करने के तरीके दोनों से परे है. यह देखना वास्तव में रोमांचक है कि कोई फिल्म टेलीविज़न पर रिलीज़ के माध्यम से एक साथ लाखों लोगों तक पहुँच रही है.

शरवरी ने मंडे मोटिवेशन की तस्वीर शेयर की

बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी ने मंडे मोटिवेशन की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की हैं. शरवरी इन दिनों अपनी आगामी वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर अल्फा के लिए अपनी फिटनेस के शिखर पर हैं. शरवरी ने अपने सोशल मीडिया पर #मंडेमोटिवेशन की शानदार तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका शानदार फिजीक देख कर इंटरनेट पर तहलका मच गया है.

सिनेमाघरों में यह साल शरवरी के लिए बेहतरीन रहा है. उन्होंने मुंजा के साथ 100 करोड़ का ब्लॉकबस्टर दिया, उनका डांस सॉन्ग तरस साल का सबसे बड़ा म्यूजिकल हिट रहा है.महाराज के साथ उन्हें ग्लोबल स्ट्रीमिंग हिट मिला है. वेदा में उनके बेहतरीन अभिनय की सर्वत्र प्रशंसा हुई है, और अब उन्हें अल्फा जैसी बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्म में कास्ट किया गया है, जिसमें वह सुपरस्टार आलिया भट्ट के साथ नज़र आएंगी.

टीम अल्फा आज कश्मीर के लिए रवाना हो रही है, जहां इस एक्शन पैक्ड एंटरटेनर का दूसरा शेड्यूल शूट किया जाएगा.अल्फा शरवरी के करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि वह उस यूनिवर्स में कदम रख रही हैं जहां शाहरुख खान, सलमान दीपिका पादुकोण कियारा आडवाणी जैसे सुपरस्टार्स पहले से ही मौजूद हैं.

राजकुमार राव ने स्त्री 2 की सफलता पर खुशी जतायी

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने अपनी फिल्म स्त्री 2 की सफलता पर खुशी जतायी है.

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 , 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी. फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की है.फिल्म स्त्री 2 में राजकुमार राव ,श्रद्धा कपूर के अलावा पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी अहम भूमिका में हैं. यह फिल्म वर्ष 2018 की हिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है. भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अपनी रिलीज के 11 दिनों में 386 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है.

राजकुमार राव ने फिल्म स्त्री 2 की सफलता पर खुशी जतायी है. राजकुमार राव ने कहा,हमें यकीन था कि स्त्री को मिले प्यार के कारण फिल्म स्त्री 2 को भी बहुत प्यार मिलेगा. स्त्री की बड़ी फैन-फॉलोइंग है. इसमें मैं भी शामिल हूं, मैं खुद स्त्री का बहुत बड़ा फैन हूं लेकिन यह संख्या हमारी उम्मीदों से कहीं ज्यादा है. हम खुश और बेहद उत्साहित हैं. स्त्री जैसी फिल्म के साथ ऐसा होने के लिए बहुत आभारी हैं, क्योंकि यह कंटेंट से प्रेरित फिल्म है

अमर कौशिक के निर्देशन में बनीं फिल्म स्त्री 2 का निर्माण दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है.

सितारों ने अपने प्रशंसकों को जन्माष्टमी की दी बधाई

कलर्स के 'सुहागन' में वेदांत की भूमिका निभा रहे अक्षय खरोड़िया कहते हैं,हमेशा से मेरे दिल में जन्माष्टमी की खास जगह रही है. इससे मेरे बचपन की यादें ताज़ा हो जाती हैं, जब मैं और मेरे दोस्त हमारी सोसायटी में भगवान कृष्ण की मूर्ति लाते थे, और पूरी सोसायटी साथ मिलकर पूजा करती थी. मैं अभी भी मानव पिरामिड में सबसे ऊपर चढ़ने और हांडी फोड़ने के उत्साह को महसूस कर सकता हूं.

'मंगल लक्ष्मी' में अदित की भूमिका निभा रहे नमन शॉ कहते हैं, मेरे गृह नगर, कोलकाता में मेरे परिवार में एक परंपरा है जहां इस शुभ दिन पर बुज़ुर्ग आधी रात तक उपवास करते हैं, महा आरती करते हैं और भगवान कृष्ण की मूर्ति को झूला झुलाते हैं. मुंबई में, मैंने पूजा करने के लिए अपने परिवार के साथ यहां इस्कॉन मंदिर जाने की परंपरा को जारी रखा है. इस साल, मैं मंगल लक्ष्मी के सेट पर जन्माष्टमी मनाने के लिए उत्साहित हूं, क्योंकि उस दिन हमारी शूटिंग का शेड्यूल रहेगा. यह एक खास समय है जो मुझे अपनी जड़ों से जोड़ता है. मेरा सपना है कि एक दिन, मैं अपने बेटे के साथ मथुरा में जन्माष्टमी मनाऊं, 'मेघा बरसेंगे' में, मेघा की भूमिका निभा रहीं नेहा राणा कहती हैं, इस साल, मैं मुंबई में जन्माष्टमी मनाने के लिए उत्साहित हूं! भगवान कृष्ण के भजन सुनने से मुझे हमेशा शांति और स्पष्टता मिलती है. मैं अपने दोस्तों के साथ बाहर जाने और शहर में प्रसिद्ध दही-हांडी उत्सव देखने के लिए उत्सुक हूं. 'परिणीति' में पार्वती की भूमिका निभा रहीं अंचल साहू कहती हैं, मैं इस जन्माष्टमी मंदिर जाकर और भगवान कृष्ण को धन्यवाद देकर अपने दिन की शुरुआत करूंगी!

'मिश्री' में मिश्री की भूमिका निभा रहीं श्रुति भिश्त कहती हैं, मेरे लिए जन्माष्टमी हमेशा से खास रही है. मैं पास के कृष्ण मंदिर में पूजा करके अपने हर दिन की शुरुआत करती हूं, %मिश्री% में मिश्री का किरदार निभाने से भगवान कृष्ण के साथ मेरा जुड़ाव और गहरा हो गया है. हमारा शो भगवान कृष्ण के जन्मस्थान मथुरा में सेट किया गया है, और हम अपनी कहानी में ही एक भव्य जन्माष्टमी उत्सव दिखाने की योजना बना रहे हैं.

पीछा करती परछाइयाँ
अब छोटे परदे पर

भारत का प्रमुख नाट्य संकलन प्लेटफार्म ज़ी थिएटर अब पेश कर रहा है 'पीछा करती परछाइयाँ' इस रोमांचक नाटक में एक महिला द्वारा अपने परिवार के रहस्यों को सुरक्षित रखने की लड़ाई को दर्शाया गया है.

मशहूर रंगमंच, फिल्म और संगीत से जुड़ी कलाकार इला अरुण, थियेटर के दिग्गज के.के. रैना, प्रसिद्ध टेलीविज़न कलाकार परम सिंह, प्रियंवदा कांत, और विजय कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं. के.के. रैना ने इसमें एक पुरोहित की भूमिका निभाई है, जबकि इला यशोधरा बाईसाहेब नामक एक राजसी महिला की भूमिका निभा रही हैं.

अभिनेता परम सिंह ने राजपूत परिवार के द्वन्द से घिरे युवराज की भूमिका निभाई है. पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाली पितृसत्ता और दमन से जुड़ा ये नाटक इला अरुण और के.के. रैना के लम्बे रचनात्मक सहयोग का परिणाम है और इसे पहली बार 2016 में प्रस्तुत किया गया था. यह नॉर्वेजियन नाटककार हेनरिक इब्सेन के प्रसिद्ध नाटक 'घोस्ट्स'का हिंदी रूपांतर है. टेलीविज़न के लिए इसकी फिल्मिंग निर्देशक सौरभ श्रीवास्तव ने की है.

इस नाटक के भारत में 50 से अधिक शो हो चुके हैं, जो हाउसफुल रहे. अब यह छोटे पर्दे पर भी एक बटन के क्लिक की मदद से देखा जा सकेगा .

सुनील शेट्टी ने शुरू की हंटर 2 की शूटिंग

बॉलीवुड के माचो हीरो सुनील शेट्टी अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर सीरीज हंटर 2 की शूटिंग शुरू कर दी है. सुनील शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर हंटर 2 की शूटिंग की एक झलक साझा की.सुनील शेट्टी ने निर्देशक प्रिंस धीमान की पोस्ट को फिर से साझा किया, जिसमें सीरीज़ का क्लैपबोर्ड था. एक्शन थ्रिलर हंटर के पहले सीज़न में सुनील शेट्टी ने ए.सी.पी. विक्रम सिन्हा की मुख्य भूमिका निभायी थी.

दोपहिया वाहनों सालाना बिक्री के आंकड़े बेहतर

इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को भारतीय कस्टमर दिल खोलकर अपना रहे हैं. जी हां, इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की खास तौर पर बिक्री में जबरदस्त बढ़ोतरी से कहा जा सकता है कि लोगों का ध्यान अब पेट्रोल से चलने वाले परंपरागत मोटरसाइकल या स्कूटर से हटकर इलेक्ट्रिक बाइक या स्कूटर की तरफ जा रहा है. बीते जुलाई 2024 में तो कमाल ही हो गया. ओला इलेक्ट्रिक, टीवीएस मोटर कंपनी, बजाज, ऐथर, हीरो मोटोकॉर्प, ग्रीव्स ईवी और काइनैटिक जैसी कंपनियों ने अपने इलेक्ट्रिक दोगहिया वाहनों की खूब बिक्री की और इनकी मासिक और सालाना बिक्री के आंकड़े बेहतर दिखे.

ओला इलेक्ट्रिक- ओला इलेक्ट्रिक इन दिनों सातवें आसमान पर है और बीते जुलाई में देश की नंबर 1 इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी ने 41,624 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे.

टीवीएस मोटर कंपनी- टीवीएस मोटर कंपनी ने बीते जुलाई में आइक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर की 19,486 यूनिट बेची और यह 87 फीसदी की सालाना ग्रोथ के साथ है.

बजाज ऑटो- बजाज ऑटो लिमिटेड ने बीते जुलाई में चेतक इलेक्ट्रिक की 17,657 यूनिट बेची और यह आंकड़ा सालाना रूप से 327 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ है

ऐथर एनर्जी- ऐथर एनर्जी ने बीते महीने अपनी 450 सीसी के 10,087 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे और यह करीब 51 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी के साथ है.

मारुति की इलेक्ट्रिक कार का इंतजार होगा खत्म!

मारुति सुजुकी भारतीय बाजार में कार लवर्स के बीच हर सेगमेंट में पॉपुलर है, लेकिन बात जब ईवी सेगमेंट की होती है तो मारुति इस मामले में नीट बटा सन्नाटा है. टाटा मोटर्स, हुंडई, एमजी, महिंद्रा समेत ढेरों कंपनियों की इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में एंट्री के बाद भी अब तक मारुति सुजुकी ने अपनी इलेक्ट्रिक कार लॉन्च नहीं की है. हालांकि, लोगों को मारुति सुजुकी की इलेक्ट्रिक एसयूवी ईवीएक्स की लॉन्चिंग का बेसब्री से इंतजार है, जिसके कॉन्सेप्ट मॉडल से कंपनी ने डेढ़ साल पहले ही पर्दा उठा दिया था. अब खबर आ रही है कि मारुति ईवीएक्स के प्रोडक्शन रेडी मॉडल को अगले साल मोबिलिटी एक्सपो में अनवील किया जा सकता है और यह टाटा कर्व ईवी के साथ ही आगामी हुंडई क्रेटा ईवी और एमजी विंडसर ईवी के लिए बड़ी चुनौती बनने वाली है.

देखने में काफी जबरदस्त- फिलहाल आपको मारुति सुजुकी ईवीएक्स के बारे में बताएं तो 4.3 मीटर लंबी यह इलेक्ट्रिक एसयूवी लुक और डिजाइन में काफी हद तक अपने कॉन्सेप्ट मॉडल की तरह ही होगी और इसमें पावरफुल फ्रंट बंपर, क्लोज्ड ऑफ ग्रिल्स, बड़ा हेडलैंप क्लस्टर, एलईडी लाइट्स सेटअप, सुजुकी की बड़ी सी बैजिंग, फ्लश डोर हैंडल्स, बेहतरीन रियर लुक, कनेक्टेड एलईडी टेललैंप्स और चौड़े टायर्स दिखेंगे.

फ्यूचरिस्टिक डिजाइन और फीचर्स- मारुति सुजुकी की अपकमिंग इलेक्ट्रिक एसयूवी का इंटीरियर काफी शानदार होगा. इसमें फ्यूचरिस्टिक डिजाइन, एंबिएंट लाइट्स, मिनिमम कंट्रोल्स बटन, इन्फोटेनमेंट सिस्टम और ड्राइवर डिस्पले के लिए डुअल स्क्रीन, वायरलेस चार्जर, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, 360 डिग्री कैमरा, टू-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, फ्रेमलेस रियर व्यू मिरर और एडैस टेक्नॉलजी समेत काफी सारी और भी खूबियां दिख सकती हैं.

मारुति सुजुकी ईवीएक्स में 60kWh तक का बैटरी पैक ऑप्शन मिल सकता है, जो कि एक पावरफुल इलेक्ट्रिक मोटर के साथ इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को पावर देगा.

भारत में एसयूवी और एमपीवी सेगमेंट में मचेगी धूम

सितंबर का महीना आने वाला है और इसी के साथ फेस्टिवल सीजन की शुरुआत हो जाएगी और फिर कार मार्केट में नई-नई कारों की भरमार लगने वाली है. शुरुआत तो इसी महीने टाटा कर्व ईवी और महिंद्रा थार रॉक्स के साथ ही और भी नई पैसेंजर गाड़ियों से हो चुकी है, लेकिन सितंबर और अक्टूबर का महीना काफी धमाकेदार होने वाला है. जी हां, सितंबर में हुंडई मोटर अपनी 7 सीटर एसयूवी अल्कजार के फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च करेगी, वहीं अक्टूबर में किआ इंडिया भी अपनी प्रीमियम एमपीवी कार्निवल के न्यू जेनरेशन मॉडल को भारतीय बाजार में पेश करने की तैयारी में है. ज्यादातर संभावना है कि किआ अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी ईवी9 से भी पर्दा उठा सकती है.

नई हुंडई अल्कजार फेसलिफ्ट- 2025 हुंडई अल्कजार फेसलिफ्ट के एक्सटीरियर और इंटीरियर में काफी सारे अपडेट्स देखने को मिलेंगे. हालांकि, इसमें पहले वाले मॉडल की तरह ही 1.5 लीटर 4 सिलिंडर टर्बो डीजल और 1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन ऑप्शन मिलेंगे. बाद बाकी इसमें नए स्पोर्टी डिजाइन वाले अलॉय व्हील, 10.25 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल, 10.25 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐपल कारप्ले, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, डुअल पैन सनरूफ, 360 डिग्री कैमरा, लेवल 2 ष्टस् की 20 से ज्यादा खूबियां और ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल समेत काफी सारे नए फीचर्स देखने को मिलेंगे. नई अल्कजार 9 सितंबर को लॉन्च होगी.

नई किआ कार्निवल- किआ मोटर्स आगामी 9 सितंबर को भारतीय बाजार में न्यू जेनरेशन किआ कार्निवल लॉन्च करने की तैयारी में है. यह प्रीमियम एमपीवी काफी सारी सीटिंग कॉन्फिगरेशन के साथ आने वाली है और इसमें 2.2 लीटर 4 सिलिंडर टर्बोचार्ज्ड डीजल इंजन के साथ ही 8 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्प मिलेगा. आगामी किआ कार्निवल एमपीवी में 12.3 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, 12.3 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, एंबिएंट लाइटिंग, वेंटिलेटेड सीट्स, 360 डिग्री कैमरा, हेड अप डिस्प्ले और ष्टस् समेत काफी सारे फीचर्स दिए जाएंगे.

गोल्ड स्टार 650 की भारतीय बाजार में हुई एंट्री

ब्रिटिश ऑटोमेकर बीएसए ने अपनी नई रॉयल बाइक गोल्ड स्टार 650 को 15 अगस्त 2024 को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है. यह बाइक पहले से ही 2021 से ग्लोबल मार्केट में उपलब्ध थी. अब, क्लासिक लेजेंड्स ने इस पावरफुल बाइक को भारतीय मार्केट में भी उतार दिया है. बीएसए की इस बाइक की सीधी टक्कर रॉयल एनफील्ड इंटरसेप्टर 650 से होने वाली है. बीएसए गोल्ड स्टार 650 और रॉयल एनफील्ड इंटरसेप्टर 650 दोनों ही बाइक्स रेट्रो डिजाइन के साथ आती हैं. गोल्ड स्टार का डिजाइन क्लासिक लुक को दर्शाता है, जबकि इंटरसेप्टर 650 का डिजाइन रोडस्टर स्टाइल में है.

रॉयल एनफील्ड ने अपनी बाइक के डिजाइन को बेहतर बनाने के लिए एलईडी हेडलैम्प्स और अलॉय व्हील्स जैसे आधुनिक एलीमेंट्स शामिल किए हैं.बीएसए गोल्ड स्टार 650- इस बाइक में 652 cc, लिक्विड-कूल्ड, DOHC, 4-वॉल्व इंजन है. यह इंजन 6,000 rpm पर 45 hp की पावर और 4,000 rpm पर 55 ह्ढ्ढ का टॉर्क जनरेट करता है. इसके साथ 5-स्पीड ट्रांसमिशन मिलता है और फ्यूल टैंक कैपेसिटी 12 लीटर है. रॉयल एनफील्ड इंटरसेप्टर 650- इसमें 648 ष्ष्, पैरेलल-ट्विन, 4-स्ट्रोक इंजन है जो 7,150 rpm पर 47 bhp की पावर और 5,250 rpm पर 52 Nm का टॉर्क देता है. इसमें 6-स्पीड ट्रांसमिशन और 13.7 लीटर फ्यूल टैंक कैपेसिटी है.

कीमत में कितना अंतर है?- बीएसए गोल्ड स्टार 650- इस बाइक की शुरुआती एक्स-शोरूम प्राइस 2.99 लाख रुपये है. हालांकि, टॉप-एंड मॉडल की कीमत 3.35 लाख रुपये तक जाती है. रॉयल एनफील्ड इंटरसेप्टर 650- इसके बेस मॉडल की कीमत 3.03 लाख रुपये है.